


राहुल की तुलना और विराट कोहली की मूवमेंट से की

लक्ष्मण ने कहा, अगर आप 2018 में कोहली की मूवमेंट देखें तो यह वैसी ही है जैसे केएल राहुल ने इन दो मैचों में दिखाई है। जब कोहली अपनी मूवमेंट को नियंत्रित कर लेंगे तो वह विकेट के दोनों ओर शॉट्स खेल सकेंगे। अभी आप देखें तो वह ऑफ स्टंप के बाहर इतना चले जाते हैं कि उनका लेग स्टंप दिखने लग जाता है।

## वीवीएस लक्ष्मण ने बताया क्या चूक कर रहे हैं कप्तान कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि विराट कोहली एक बार फिर पुरानी आदत पर पहुंच गए हैं। जहां वह ऑफ स्टंप के बाहर शफल करने लगे हैं। लक्ष्मण ने कहा, इंग्लैंड के गेंदबाजों को पता है कि कोहील को ऑफ स्टंप और उसके आसपास गेंदबाजी करनी चाहिए। यह बात स्पष्ट है कि कोहली को इस एरिया में गेंदबाजी पसंद नहीं है। उन्होंने बीच–बीच में वह गेंद अंदर लाते रहते हैं, तो विराट के पैड पर लगती है। इसके अलावा जब मार्क वुड आए तो उन्होंने बाउंसर्स भी फेंकीं। लक्ष्मण ने कहा, मैं देख रहा था और उसकी तुलना 2018 की पारियों से कर रहा था। मुझे लगा कि वह 2018 में इतना हिल नहीं रहे थे। यही वजह है कि वह ऑफ स्टंप के बाहर खुलकर शॉट्स नहीं खेल पा रहे हैं। उन्हें भीतर से लगता होगा कि वे गेंद छोड़ देनी चाहिए। मुझे लगता है कि अच्छी अनुशासित गेंदबाजी और योजनाओं को अच्छे से क्रियान्वित करना और कोहली की 2018 के मुकाबले अधिक मूवमेंट सब मिलाकर परेशानी का सबब है।

# दूसरे टेस्ट मैच में भारत को दूसरे दिन लगा बड़ा झटका

## भारत का पांचवां विकेट गिरा, रहाणे एक रन बनाकर आउट

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच बारिश की वजह से ड्रॉ हो गया था, लेकिन इसके बाद सीरीज में बढ़त बनाने के लिए अब लार्ड्स में दोनों टीमें आमने–सामने हैं। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच दोनों देशों के बीच खेला जा रहा है और इसमें पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद टीम इंडिया ने केएल राहुल की शतकीय पारी के दम पर 3 विकेट के नुकसान पर 276 रन बना लिए थे। मैच के दूसरे दिन खबर लिखे जाने क भारत ने 5 विकेट खोकर 298 रन बना लिए हैं। इस वक्त क्रीज पर रिषभ पंत और जडेजा मौजूद हैं।

टीम इंडिया को दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में रोहित शर्मा और केएल राहुल ने शानदार शुरुआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 126 रन की मजबूत शतकीय पार्टनरशिप हुई। इस साझेदारी को जेम्स एंडरसन ने रोहित शर्मा को 83 रन पर बोल्ड करके तोड़ा। चेतेश्वर पुजारा का फॉर्म टीम के लिए लगातार चिंता का विषय है और इस टेस्ट की पहली पारी में भी उनके बल्ले से रन नहीं निकले। उन्होंने 9 रन बनाए और एंडरसन ने उन्हें अपना दूसरा शिकार बनाते हुए बेयरस्टो के हाथों कैच करवा दिया। विराट कोहली ने इस मैच में तीसरे विकेट के लिए राहुल के साथ मिलकर 117 रन की अच्छी साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया, लेकिन वो 42 रन बनाकर ओली रॉबिन्सन की गेंद पर रूट के हाथों कैच आउट हो गए।




केएल राहुल ने काफी अच्छी पारी खेली और 129 रन बनाकर राबिन्सन की गेंद पर सिब्ले को अपना कैच थमा बैठे। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके व एक छक्का लगाया। रहाणे ने एक रन बनाए और एंडरसन की गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया।

**शार्दुल की जगह इशांत शर्मा टीम में:** दूसरे टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमों में बदलाव किए गए। एक तरफ इंग्लैंड ने तीन बदलाव किए और जैक क्राली की जगह हसीब हमीद, स्टुअर्ट ब्राड की जगह मार्क वुड को शामिल किया गया जबकि मोइन अली को डेन लारेंस को मौका मिला। वहीं टीम इंडिया में एक बदलाव किया गया और इंजरी से जूझ रहे शार्दुल ठाकुर की जगह इशांत शर्मा को प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई।

भारत की टीमः रोहित शर्मा, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, रिषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# मेरे पास जीरो मेंटल स्ट्रेंथ बची है, हर कोई हाथ में चाकू लेकर बैठा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विनेश फोगाट ओलिंपिक में भारत के लिए पदक जीतने की प्रबल दावेदार थीं। इस महिला पहलवान से उम्मीद थी कि वह रियो की हार को भुलाकर तोक्यो में पदक के साथ लौटेंगी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। हालांकि इसके बाद जो हुआ वह अधिक दुखद था। विनेश पर अनुशासनहीनता के आरोप लगे। उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। इसके बाद तमाम तरह की अटकलें चलने लगीं। इन सब पर अब विनेश ने जवाब दिया है। इसके साथ ही इस पहलवान ने इशारों ही इशारों में कुश्ती से ब्रेक लेने की भी बात कही।

विनेश ने कहना था कि वह

**पहलवान ने इशारों ही इशारों में कुश्ती से ब्रेक लेने की भी बात कही**

तोक्यो ओलिंपिक के बाद हो रही आलोचनाओं और सवालों के मद्देनजर कुश्ती से ब्रके ले सकती हैं। उन्होंने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया पर भी आरोप लगाए। इसके साथ ही चोट के साथ अपने संघर्ष, फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर उन्होंने तमाम मुद्दों पर बात की। विनेश ने लिखा, मैंने कुश्ती को सब कुछ दिया और अब यह छोड़ने का सही समय है। लेकिन वहीं दूसरी ओर अगर मैंने छोड़ दिया और मैं नहीं लड़ी, तो यह मेरी ज्यादा बड़ी हार होगी।

विनेश ने लिखा कि कुश्ती के मुकाबले के दिन उनके शरीर में दर्द था। इसके साथ ही उस दिन वजन कम करने को लेकर उनके संघर्ष को भी उन्होंने बयान किया। इतना ही नहीं विनेश ने पहले हुए कोविड और सिर की एक पुरानी चोट का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, 2017 में मुझे कनकशन हुआ था। तब से मैं इससे पीड़ित हूं। चीजें धुंधली हो जाती हैं। यह काफी कम हो गया है लेकिन जब सिर किसी चीज से टकराता है तो यह वापस लौट आता है।

विनेश ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि WFI ने उन्हें उनका फिजियो साथ ले जाने की इजाजत नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें जो फिजियो दिया गया था वह शूटिंग टीम का फिजियो था। वह उनके शरीर को समझता नहीं था।

## राहुल की सेंचुरी पर आथिया की प्यारी सी इमोजी, सुनील शेट्टी ने भी दी बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड दौरे पर केएल राहुल शानदार फॉर्म में हैं। नॉटिंगम में खेले गए पहले टेस्ट में 84 रन की पारी खेलने के बाद गुरुवार को लॉर्ड्स टेस्ट में उन्होंने शानदार सेंचुरी लगाई। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने शुरुआत में जमने में वक्त लिया और उसके बाद अपनी पारी को रफ्तार दी। दिन का खेल खत्म होने तक वह नाबाद 127 रन बनाकर पविलियन लौटे। राहुल की पारी की हर ओर से तारीफ हो रही है।

लेकिन राहुल की पारी पर जिस एक तारीफ ने कई लोगों का अपना ध्यान खींचा वह है बॉलीवुड ऐक्ट्रेस आथिया शेट्टी। राहुल की कथित गर्लफ्रेंड ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की उस पर हार्ट इमोजी बनी हुई थी। उनके पिता और बॉलीवुड के ऐक्टर सुनील शेट्टी ने भी उस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, क्रिकेट के मक्का पर सेंचुरी! अच्छा खेले बाबा। राहुल सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम की पहली पसंद नहीं थे। लेकिन पहले शुभमन गिल और फिर मयंक अग्रवाल के चोट लगने की वजह से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

## न्यूज डायरी



## माइकल वॉन ने कहा गेंदबाजी के लिए शानदार माहौल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने एक बार फिर माइकल वॉन की श्लासश लगाई है। गुरुवार को भारत सोशल मीडिया पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान के ट्वीट पर जाफर ने उन्हें ट्रोल कर दिया। भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स पर दूसरे टेस्ट की शुरुआत से पहले वॉन ने ट्वीट कर गेंदबाजी के लिए माहौल को प्यार बताया लेकिन जाफर ने इस पर ही वॉन को जवाब दिया। हालांकि भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता देते समय इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने सोचा होगा कि हालात क्योंकि गेंदबाजी के मुफीद हैं इसलिए शुरुआती दो–तीन घंटों में भारतीय टॉप ऑर्डर को आउट कर मेहमान टीम को दबाव में लाया जा सकता है। लेकिन हुआ इसके उलट। भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 276 रन बनाए थे। आसमान में बादल थे और पिच पर नमी लेकिन इंग्लैंड के बोलर्स विकेट हासिल करने में असफल रहे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी की लेकिन रोहित शर्मा और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने जेम्स एंडरसन ऐंड कंपनी को ज्यादा सफलताएं हाथ नहीं लगने दीं।

## इंजमाम उल हक ने रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम –उल–हक ने रोहित शर्मा की तारीफ की है। जिस तरह रोहित ने लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन बल्लेबाजी की इससे इंजमाम काफी प्रभावित हैं। रोहित ने 83 रन की पारी खेली जो विदेशी धरती पर उनका सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड के पास नई गेंद का मजबूत आक्रमण मौजूद था। अनुभवी जेम्स एंडरसन के साथ ही उनके पास ओली रॉबिनसन भी थे। इसके साथ ही परिस्थितियां भी तेज गेंदबाजी के लिए मुफीद थीं। आसमान में बादल छाए हुए थे जो इंग्लैंड के लिए फायदे का सौदा था। लेकिन इंग्लैंड के बोलर भारतीय ओपनिंग साझेदारी को तोड़ नहीं पाए। रोहित शर्मा और केएल राहुल ने सधे हुए अंदाज में बल्लेबाजी की और इंग्लैंड को शुरुआती कामयाबी हासिल करने से रोका।

## 2011 वर्ल्डकप टीम में न चुना जाना मेरे करियर का सबसे बुरा वक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने माना कि 2011 के वर्ल्ड कप की टीम में न चुना जाना उनके करियर का सबसे बुरा लम्हा था। रोहित ने हालांकि इसके लिए किसी को दोषी ठहराने से इनकार किया। इसके बजाय उनका मानना है कि शायद उन्होंने इस वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। रोहित ने 2007 में अपना सीमित ओवरों का करियर शुरू किया। उन्होंने 2007 के टी20 वर्ल्ड कप में प्रभावी खेल दिखाया। भारत ने इस वर्ल्ड कप में जीत हासिल की। हालांकि वह अपने प्रदर्शन को जारी नहीं रख पाए और इसके बाद 2011 के वर्ल्ड कप के लिए उन्हें नहीं चुना गया। रोहित ने कहा, यह सबसे बुरा वक्त था। उस समय मैं टीम में जगह बनाने के लिए बेकरार था।

## टी20 वर्ल्डकप से पहले पाकिस्तान का दौरा करेगी इंग्लैंड की टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। टी20 विश्व कप 2021 में शामिल होने वाली इंग्लैंड की पुरुष टीम अक्टूबर में दो ट्20ए के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि दोनों मैच 13 और 14 अक्टूबर को रावलपिंडी के पिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इयोन मोर्गन की टीम महिला टीम की कप्तान हीथर नाइट की टीम के साथ 9 अक्टूबर को इस्लामाबाद पहुंचेगी और मेंस टीम 15 अक्टूबर को दुबई के लिए रवाना होगी, जहां टी20 विश्व कप होना है। वहीं, इंग्लैंड की महिला टीम 17, 19 और 21 अक्टूबर को पिंडी क्रिकेट स्टेडियम में मेजबानों के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी।